पुष्कर सरोवर के घाट से 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जिला कलक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियों ने की शुरुआत

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर के पवित्र सरोवर के जयपुर घाट से जिला स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा एवम जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह बिश्नोई, एडिशनल एसपी दीपक शर्मा, एसडीएम निखिल कुमार पोद्दार, सीओ ग्रामीण रामचंद्र, तहसीलदार सृष्टि जैन, ईओ कीर्ति कुमावत, सीआई राकेश यादव व पालिकाध्यक्ष कमल पाठक सहित आला अधिकारियों ने इस इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रशासन और नगर पालिका की तरफ से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जयपुर घाट की शानदार सजावट की गई तथा चारों तरफ तिरंगे तिरंगे लहराते हुए नजर आए तो वहीं दूसरी तरफ इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए तथा इस मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों पर नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लग गए। अधिकारियों ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को तिरंगा वितरण किया तथा सभी ने देशभक्ति गानों पर तिरंगा लहराया।

इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि इस बार हर घर तिरंगा लहरा कर स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाएंगे इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह बिश्नोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा सीओ ग्रामीण रामचंद्र सहित पुलिस के आला अधिकारी अजमेर से बाइक पर तिरंगा लहराते हुए पुष्कर पहुंचे।पुष्कर पहुंचने पर सभी अधिकारियों का एसडीएम निखिल कुमार पोद्दार ने गुलदस्ता भेटकर स्वागत और सम्मान किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित ने कहा कि पुष्कर तीर्थ से हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया है और जिले के हर घर पर तिरंगा लहराये और सभी स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाये इस मौके पर एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने कहा कि सभी हर्ष उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस त्यौहार मनाए और हर घर पर तिरंगा लहराए। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने शानदार रंगोली बनाकर दीपदान किया, इस अभियान के बाद पवित्र सरोवर के घाट पर भव्य महा आरती की गई। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। इस मौके पर नायब तहसीलदार नीलिमा राठौड़ सीडीपीओ नीतू शर्मा पालिका अध्यक्ष कमल पाठक पार्षद लक्ष्मी देवी पाराशर महेंद्र सिंह खंगारोत मुकेश कुमावत अरुण वैष्णव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत अजमेर के संभाग के आयुक्त, जिला कलेक्टर अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक ने पुष्कर सरोवर से की।

- देशभक्ति माहोल के साथ अधिकारियों ने वितरण किए तिरंगे
- इस अभियान के बाद पवित्र सरोवर की महाआरती की गई
- घर घर तिरंगा लहराकर हर्ष उल्लास के साथ मनाए स्वतंत्रता दिवस : डॉ भारती दीक्षित

जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत करेंगे ध्वजारोहण

अजमेर, (कासं)। स्वाधीनता दिवस समारोह 2024 के लिए मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ध्वजारोहण करेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि मुख्य समारोह प्रात:9:05 बजे पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होगा। जिले में स्वाधीनता दिवस समारोह 2024 को गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस दिन समस्त राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। जिला स्तर पर राष्ट्रीय पर्व को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इसमें पुलिस, एनसीसी, होमगार्ड एवं स्काउट की टुकडियां भाग लेंगी। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन एवं सामूहिक नृत्य, देशभक्ति के गीत गाए जाए। संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण, संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा द्वारा प्रात: 7.45 बजे निवास पर तथा प्रात: 8 बजे संभागीय आयुक्त कार्यालय में झंडारोहण किया जाएगा। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश कुमार गौतम ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ.भारती दीक्षित द्वारा प्रात: 8 बजे निवास स्थान पर, इसके बाद प्रात: 8.15 बजे अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय पर तथा प्रात: 8:30 बजे कलेक्ट्रेट में झंडारोहण किया जाएगा।

- जिला स्तरीय समारोह पुलिस लाइन में

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री लक्ष्मण पुत्र कैलाशचंद जाति मेघवाल निवासी राजारेड्डी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान का एक आवासीय भूखंड वाके गोविंद नगर, सुंदरनगर वार्ड नं.12, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर, राजस्थान में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 120 वर्गगज का है, जो मेरे पक्षकार ने श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री गणेशलाल जाति यादव निवासी दाधीच कॉलोनी वार्ड नं. 9 मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान से खरीद किया था, जिसका इकरारनामा निष्पादित किया गया था। उक्त भूखंड कमला देवी ने रामेश्वर लाल पुत्र श्री नंदाराम जाति कुम्हार निवासी मदनगंज- किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान से खरीद किया था। उक्त आवासीय भूखंड के असल दस्तावेज व मेरे पक्षकार का असल आधार कार्ड मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखंड का पट्टे की पत्रावली तैयार करवाने बाबत घर से नगर परिषद किशनगढ़ जाते समय रास्ते में कहीं गिर गए है तथा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रहे हैं। उक्त दस्तावेजों का किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार से दुरुपयोग किया जाता है या उक्त भूखंड किसी भी प्रकार का खरीद-बेचान किया जाता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। अत: आमोखास को सूचना दी जाती है कि उपरोक्त आवासीय भूखंड को किसी भी प्रकार से खरीद-फरोख्त करने की कार्यवाही न करें अन्यथा खरीद-फरोख्त करने वाला व्यक्ति/संस्था/फर्म कानूनी कार्यवाही एवं दंड का भागी होगा। अत: हर आमोखास इस बाबत अवगत रहे।

भवदीय
राजेश भाटी एडवोकेट, कोर्ट कैम्पस किशनगढ़ (अजमेर)

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

- आम सूचना -

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के भूखण्ड संख्या 100 योजना आनासागर सर्क्युलर रोड के आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 40.0 वर्ग मीटर के आवंटी / अन्तरिति श्री भागचन्द सोनी पुत्र श्री नारूमल निवासी 175, यु.आई.टी कॉलोनी, माकड़वाली रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 03/04/2008 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती निशा दौलतानी पत्नी श्री प्रकाश दौलतानी एवं पुत्री स्व. श्री भागचन्द निवासी 353/9, चटाई गंज, अजमेर व 2. श्रीमती नीतू सोनी पत्नी श्री ऋषि सोनी एवं पुत्री स्व. श्री भागचन्द निवासी 2-ई-13, शॉपिंग सेन्टर, प्रताप नगर, जोधपुर व 3. श्री दिनेश सोनी पुत्र स्व. श्री भागचन्द सोनी निवासी 100, EWS आनासागर रोड स्कीम, माकड़वाली रोड, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री दिनेश सोनी पुत्र स्व. श्री भागचन्द सोनी निवासी 100, EWS आनासागर रोड स्कीम, माकड़वाली रोड, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 24/06/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/2323 **आम सूचना** दिनांक : 12.8.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण				
फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
67	मुकेश कुमार जोशी शिवकरण जोशी	सिद्धी विनायक द्वितीय वाडी बिजयनगर ख.स. 473/1 भू.सं. 34	149.104 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/2326 **आम सूचना** दिनांक : 12.8.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण				
फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
66	1. संजय लोढा पुत्र नाहर सिंह लोढा 2. राजेन्द्र पुत्र नाहर सिंह लोढा	महावीर बाजार बिजयनगर ब्लॉक नं 23 भू.सं. 13 से 17 का आधा हिस्सा	252.31 SQ.MTR	मिश्रित

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वाधीनता दिवस

भीलवाडा, (निसं)। स्वाधीनता दिवस समारोह जिले में हर्षोल्लास के साथ गरिमा पूर्वक रूप से मनाया जाएगा। स्वाधीनता दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह 15 अगस्त प्रात: 9:05 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे।

स्वाधीनता दिवस समारोह में प्रात: 9:05 बजें राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री ध्वजारोहण करेंगे एवं अभिनन्दन किया जाएगा। इसके पश्चात परेड़ निरीक्षण किया जाएगा एवं मार्च पास्ट का कार्यक्रम होगा।

प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने निकाली तिरंगा रैली

ब्यावर, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अभियान के तहत प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। तिरंगा बाइक रैली को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल द्वारा हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया गया।

बाइक रैली में जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम सहित बड़ी संख्या में प्रशासन व पुलिस के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अंबेडकर भवन में जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर उत्सव कौशल रहे।राजस्थानी परंपरा एवं इतिहास को दर्शाते हुए लोक कलाकारों ने विविध तरह के कार्यक्रम किए साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा भी आकर्षक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

आम सूचना

मेरी पत्नी रुखसाना जाति देशवाली निवासी ग्राम रहीमपुरा तहसील, किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 25 जनवरी 2018 को मेरे उपरोक्त निवास स्थान पर हो गया, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसीलदार कार्यालय, किशनगढ़ में आवेदन किया गया है, अत: किसी को भी इस बाबत कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में दर्ज करावे।

प्रार्थी-मोहम्मद पप्पू पुत्र सलीम

कार्यालय नगरपरिषद, ब्यावर

Tel. No. : 01462-258665, 257509
E-mail Id: npbeawar@gmail.com
क्रमांक/69ए/2024-25/5314 दिनांक:- 12.8.24

- आम सूचना -

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्री राकेश कुमार विनायकिया पुत्र श्री चम्पालाल जाति जैन निवासी लोकाशाह नगर गुर्जर गौड छत्रवास के पीछे ब्यावर जिला ब्यावर में आबादी मोहल्ला लोकाशाह नगर में स्थित प्लॉट नं. 477 का 69 A के तहत, पट्टा लेने हेतु श्री प्रियंक जैन व मयंक जैन पुत्र राकेश कुमार की रजिस्ट्रर्ड हक परित्याग प्रस्तुत कर आवदेन किया है।

अत: प्रस्तुत हक परित्याग के आधार पर श्री राकेश कुमार पट्टा जारी किया जाता है। तो किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष जारी विज्ञापन के 15 दिवस के भीतर भीतर में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद आपत्ति विचारधीन नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

सार्वजनिक सूचना

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 91 के अधीन)
न्यायालय :- श्री अपर जिला जज कुचामन सिटी (राजस्थान)
प्रार्थी - चेनसिंह बनाम
अप्रार्थी - सर्वसाधारण वगैरह
प्रकरण अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तरधिकार अधिनियम
प्रार्थना पत्र क्रमांक 02 सन् 2023
तारीख पेशी 03.09.2024

बनाम यह है कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चेनसिंह गोदपुत्र लक्ष्मण सिंह राजपुत निवासी लुणवा तहसील नावां ने भारतीय उत्तरधिकार अधिनियम के तहत लक्ष्मणसिंह पुत्र श्री देवीसिंह राजपुत निवासी लुणवा की सम्पतियो के सम्बन्ध में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु संस्थित किया है। इसलिए हर आम व खास को इत्तैला दी जाती है कि इस सम्बन्ध में पक्ष रखने के लिए न्यायालय में तारीख 03 माह 09 सन् 2024 को दिन में सुबह 10 बजे दावे मे उपसंजात (हाजिर) हो सकते है। यह वाद तारीख (2 माह 08 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

अजमेर मंडल में स्वतंत्रता दिवस समारोह आज

अजमेर, (कासं)। स्वतन्त्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ मंडल कार्यालय के ए.डी.एस.ए. खेल मैदान में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल द्वारा सुबह 08:45 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान गायन, परेड का निरीक्षण, 'स्वतंत्रता दिवस' संदेश का वाचन, सांस्कृतिक प्रस्तुति सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

अजमेर मंडल की जुलाई माह में यात्री आय बढ़ी - अजमेर मंडल ने इस वर्ष जुलाई माह में यात्री आए में बढ़त हासिल की है, अजमेर मंडल ने जुलाई माह में यात्री आय में लक्ष्य से लगभग 10 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला के अनुसार जुलाई माह में जहां लक्ष्य 62 करोड़ 50 लाख दिया गया था जबकि मंडल ने 72 करोड़ 70 लाख की आय अर्जित की है यह गत वर्ष की जुलाई माह की आय 64 करोड़ 12 लाख से भी लगभग 8 करोड रुपए से भी अधिक है अर्थात इस वर्ष अजमेर मंडल ने जुलाई माह में यात्री आय में गत वर्ष के लक्ष्य 13.38 पतिशत के मुकाबले 16.32 प्रतिशत की यात्री आय अर्जित की। यात्री आय के अंतर्गत पीआरएस से प्राप्त आय 61 करोड़ 32 लाख रुपए तथा नॉन पीआरएस से प्राप्त आय 11 करोड़ 37 लाख रुपए शामिल है। इसी तरह मंडल में जुलाई माह में यात्रियों की संख्या भी 22 लाख 66 हजार रही जो की लक्ष्य 20 लाख 74 हजार से लगभग 2 लाख अधिक है।

तिरंगा वितरण

बिजयनगर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टीद्वारा चलाए जा रहेहर घर तिरंगा अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने वॉर्ड नम्बर 12 व वार्ड नंबर 21 मे घर घर जाकर तिरंगा वितरण किये ! इस मौके पर मसूदा विधायक विरेन्द्र सिह कानावत ने कहा कि हमारा तिरंगा हमारे देश की शान है हम भारतीय तिरंगे की खातिर सब कुछ न्यौछावर कर सकते है ! इस मौके पर विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत मंडल अध्यक्ष अनिल बोहरा पार्षद मनीष वैष्णव पवन बोरदिया ओम प्रकाश पण्डिया अशोक बाबेल जैनश काटेड प्रेमचन्द पिपाडा टिनू काटेड अमित लोढा अशोक नाबेड सत्यनारायण सिंगल सुनिल नाहर प्रेमचन्द हिगंड अक्षत जैन ,पुनीत अमित नौलखा रितेश सिंहल प्रकाश गोलछा मनोज अभिषेक नाहर राजेंद्र लोढा विनोद नाहर राजेश राजेंद्र पीपाडा ननू काठेड हेमंत नौलखा अशोक आदि ने तिरंगे वितरित किये।

अजमेर में पूर्व सैनिकों का फूटा गुस्सा

अजमेर, (कासं)। जयपुर के शिप्रापथ थाने में जम्मू-कश्मीर में तैनात सैनिक अरविंद सिंह के साथ पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए अभ्रद व्यवहार और मारपीट की घटना पर अखिल पूर्व सैनिकों का गुस्सा फूट पड़ा है। इस घटना को लेकर पूर्व सैनिकों में भारी रोष है। भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले पूर्व सैनिक बुधवार को कलेक्ट्रेट पर एकत्र हुए और पुलिस कार्यवाही की घोर निंदा की। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपा।

परिषद के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी मिश्र ने बताया कि सैनिक अरविंद सिंह अपने परिचित की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी लेने के लिए जयपुर के शिप्रापथ थाने पहुंचे गए थे। थाने के स्टाफ और उपनिरीक्षक ने अरविंद के साथ अभ्रद व्यवहार किया।

सैनिक अरविंद ने सेना का परिचय देने के बावजूद पुलिस कर्मियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें हवालात में बंद कर दिया। इसके बाद अरविंद को निवस्त्र करके डंडों से बुरी तरह पीटा गया और प्रताडित् किया गया। पुलिस कर्मियों ने उन्हें मजबूर किया कि वह उनके पैरों में गिरकर माफी मांगे। पुलिसकर्मियों ने भारतीय सेना के प्रति भी अभ्रद भाषा का प्रयोग किया गया।

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ./24-25/भवन/381 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 14/8/2024

श्री मनोज गोयल पुत्र श्री श्यामलाल एवं श्रीमती मधु गोयल पत्नी श्री मनोज गोयल निवासीगण 16/371 कवडन्सपुरा मदार गेट, अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 7/14, 13/14, 20/289 33/210 एवं 7/14-15 20/290 33/211 अंकित है जो वाके प्लाजा सिनेमा रोड डिग्गी चौक अजमेर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 164.14 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानसार हैं।

पूर्व : अन्य की सम्पति पश्चिम - अन्य की सम्पति व गली
उत्तर : 5.79 मीटर चौडा रोड दक्षिण - 12.19 मीटर चौडा प्लाजा सिनेमा रोड

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101201 **लोक सूचना** दिनांक: 13/08/2024

श्री SAND DUNES PUSHKAR RESORTS PRIVATE LIMITED. DIRECTOR BY SH. RAJEEV MALOO पुत्र श्री SATYANARAYAN MALOO जाति MAHESHWARI निवासी 1/432, MALOO SADAN, KRISHAN GANJ, BAJRANG GARH CIRCLE, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	तिलोरा, पुष्कर (अजमेर)	SAND DUNES PUSHKAR RESORTS PRIVATE LIMITED	3172/690	1515	0.1515
2.	तिलोरा, पुष्कर (अजमेर)	SAND DUNES PUSHKAR RESORTS PRIVATE LIMITED	3175/691	132	0.0132
				कुल	0.1647

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90- A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13-08-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल - अजमेर

क्रमांक -832 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 14/08/24

राजस्थान आवासन मण्डल भूखण्ड संख्या S-1 पंचशील अजमेर श्री नितिन भाखरू पुत्र श्री अशोक भाखरू को आवंटित कर दिनांक 27.06.2007 को भूखण्ड का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री नितिन भाखरू पुत्र श्री अशोक भाखरू द्वारा दि. 09.07.2010 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। पंजीयन पश्चात् श्री नितिन भाखरू पुत्र श्री अशोक भाखरू ने भूखण्ड का बैचान श्रीमती सुनिता जेठवानी पत्नि श्री सुनील जेठवानी को कर दिया गया। पुनः श्रीमती सुनिता जेठवानी पत्नि श्री सुनील जेठवानी ने भूखण्ड का बैचान श्रीमती मीरा रामसिंघानी पत्नि श्री रामचन्द किशनानी को दिनांक 26.03.2018 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती मीरा रामसिंघानी पत्नि श्री रामचन्द किशनानी के पक्ष में परस्पर विक्रय के पश्चात् नामान्तरण के आदेश दिनांक - 29.03.2019 को जारी किये गये। श्रीमती मीरा रामसिंघानी पत्नि श्री रामचन्द किशनानी ने भूखण्ड का बैचान श्री खींव सिंह पुत्र श्री रामसिंह राजपुरोहित को दिनांक - 18.10.2023 को कर दिया गया। जोकि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 866 में पृष्ठ सं. 4 क्रम सं. 202303002113231 पर पंजीबद किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 3461 के पृष्ठ सं. 255 से 262 पर दिनांक - 18.10.2023 को चस्पा किया गया हैं। अब श्री खींव सिंह पुत्र श्री रामसिंह राजपुरोहित ने उक्त भूखण्ड से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वंय के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं। श्री खींव सिंह पुत्र श्री रामसिंह राजपुरोहित का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल - अजमेर

क्रमांक -824 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 14/08/24

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3 / 9 पंचशील अजमेर श्री कृष्ण गोपाल गोयल पुत्र श्री नोरतमल गोयल को आवंटित कर दिनांक-29.08.1997 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री कृष्ण गोपाल गोयल पुत्र श्री नोरतमल गोयल ने आवास का बैचान जरिए इकरारनामा, मुख्तारनामा, वसीयतनामा के श्री नारायण गोयल पुत्र श्री प्रहलाद गोयल को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री नारायण गोयल पुत्र श्री प्रहलाद गोयल के पक्ष में नियमितिकरण के आदेश जारी किये गये। श्री नारायण गोयल पुत्र श्री प्रहलाद गोयल द्वारा दिनांक 25.06.2009 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्री नारायण गोयल पुत्र श्री प्रहलाद गोयल ने मुख्तयारनामा आम श्री जय प्रकाश मंघनानी पुत्र स्व. श्री थावरदास के पक्ष में निष्पादित किया गया। तत्पश्चात् श्री जय प्रकाश मंघनानी पुत्र स्व. श्री थावंरदास द्वारा बहेसियत मुख्तयारआम श्री नारायण गोयल पुत्र श्री प्रहलाद गोयल द्वारा आवास का बैचान श्री प्रेम केसवानी पुत्र स्व. श्री चन्दन मल को दिनांक 01.11.2023 पृष्ठ को कर दिया गया। जोकि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 2216 में सं. 157 क्रम सं. 202303001109270 पर पंजीबद किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 5859 के पृष्ठ सं. 191 से 200 पर दिनांक - 01.11.2023 को चस्पा किया गया हैं। अब श्री प्रेम केसवानी पुत्र स्व. श्री चन्दन मल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वंय के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। श्री प्रेम केसवानी पुत्र स्व. श्री चन्दन मल का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

15 अगस्त पर अजमेर में बढ़ाई गई सुरक्षा

चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर

पुलिस लाइन में परेड का अभ्यास करते पुलिस कर्मी।

अजमेर, (कासं)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अजमेर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला पुलिस शहर में चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखे हुए है। अजमेर शहर में प्रवेश मार्गों पर विशेष रूप से पुलिस चेक पोस्ट बनाई गई हैं। जहां बाहर से आ रहे वाहनों की गहन तलाशी ली जा रही है। इस सुरक्षा अभियान के तहत विशेष रूप से शहर और अन्य स्थानों से आने वाले वाहनों पर नजर रखी जा रही है। जिले के खुफिया तंत्र को सर्तक रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारो